दिन–शनिवार दिनांक– 17 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण विभिन्न देशों के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल किए गए हैं।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनतीस और तीस मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री का एक दिवसीय दौरा होना था। लेकिन अब वे दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी उनतीस मई को पटना में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी तीस मई को सासाराम के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। आगामी विधान सभा चुनाव और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के संदर्भ में प्रधानमंत्री का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि चौबीस अप्रैल को राज्य के झंझारपुर में आयोजित सभा में ही प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

————————————————————————

निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने आज अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन पूर्वी चंपारण जिले का फिल्ड विजिट किया। चुनाव आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के अंतर्गत मोतिहारी में ईवीएम के फर्स्ट लेवल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी सौरव जोरवाल और अन्य अधिकारियों से जिले में चुनाव तैयारियों के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयुक्त आज पश्चिमी चंपारण जिले में भी फिल्ड विजिट करेंगे।

———————————————————————————

सीवान जिले की स्थानीय अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कुर्की जब्ती के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने वर्ष, दो हजार ग्यारह में महाराजगंज विधान सभा उप चुनाव के दौरान लालू प्रसाद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों को सही माना है। इस मामले की अगली सुनवाई तीस मई को होगी।

———————————————————————————

जम्मू कश्मीर के करगिल में शहीद जवान नवादा के मनीष कुमार का पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव पांडेगंगोट लाया गया। जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहीद की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। अब से कुछ देर बाद शहीद मनीष कुमार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत पटना जीपीओ गोलम्बर के पास बकरी बाजार में मल्टी मॉडल हब और नव निर्मित सब–वे का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार मौजूद थे। मल्टी मॉडल हब में विभिन्न प्रकार के वाहनों के पार्किंग की अत्याधुनिक व्यवस्था है। आम लोगों के लिए सब–वे खुल जाने से पटना जंक्शन के पास यातायात व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है।

———————————————————————————

गोपालगंज में एनडीए की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्थानीय सांसद और जदयू के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सुमन ने यात्रा का नेतृत्व किया।

रोहतास जिले के नौहट्‌टा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवारा घाट पर सोन नदी में स्नान करने के दौरान तीन लोग डूब गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य लोगों की खोजबीन की जा रही है।

———————————————————————————

दुनियाभर में आज विश्‍व उच्च रक्तचाप दिवस– हाई ब्लड प्रेशर–डे मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य हाई बीपी से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।